E-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)
संचिका सं0–03/भू0अ0नि0 (5) अपील–12/2022....4643 /नि0 16/12/2022

आदेश

प्रस्तुत अपील "बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 के नियम–8(4)" में वर्णित प्रावधान के अन्तर्गत अपीलार्थी दीक्षा सोनकर (Emp. ID No.- AEN01127), पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन द्वारा निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा पारित आदेश सं0–1621 दिनांक– 02.07.2022 के विरूद्ध दायर किया गया है।

अपीलार्थी दीक्षा सोनकर को सुनवाई की निर्धारित तिथि की सूचना ईमेल द्वारा दी गई है। प्रस्तुत अपील में निर्धारित तिथि– 07.10.2022 को वाद की कार्रवाई प्रारंभ की गई। उभयपक्ष उपस्थित। निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा अपीलार्थी के अपील पर अपना मंतव्य दाखिल किया गया। प्रस्तुत अपील में उभयपक्षों को सुनकर अपील आदेश पर रखा गया है।

दिनांक– 05.05.2022 को नालंदा जिला के निरीक्षण के क्रम में निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा जिले में चल रहे विशेष सर्वेक्षण कार्यों की ग्रामवार समीक्षा की गई, जिसमें दीक्षा सोनकर (Emp. ID No.- AEN01127), पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन को आवंटित मौजा–गंगौरा, थाना नं0–254 का किस्तवार कार्य लगभग 10 महीने की लम्बी अवधि में पूर्ण किया गया है। किस्तवार कार्य समाप्ति के बाद भी पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन दीक्षा सोनकर द्वारा खानापुरी कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है। समीक्षात्मक बैठक में इस संबंध में उनके द्वारा कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गया। निदेशालय द्वारा कार्य में अभिरूचि नहीं लेने एवं कार्य में शिथिलता बरतने के संबंध में पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन का संविदा रद्द किया गया है।

अपीलार्थी का कथन है कि मौजा– गंगौरा, थाना नं0–254 में किस्तवार कार्य दिनांक– 02.07.2021 को प्रारंभ किया गया तथा दिनांक– 07.03.2022 तक समाप्त कर दिया। जिसमें कुल 08 माह का समय लगा। बीच में 03 माह दिनांक– 24.09.2021 से 16.12.2021 तक किस्तवार कार्य बाधित रहा। किस्तवार कार्य बाधित होने का मुख्य कारण वर्षा ऋतु एवं जल जमाव रहा है। शिविर कार्यालय में किस्तवार नक्शा को दिनांक– 07.03.2021 को जमा कर दिया था। एजेंसी द्वारा दिनांक– 12.05.2022 को खानापुरी मानचित्र उपलब्ध कराया गया। निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना के द्वारा दिनांक– 05.05.2022 को समीक्षात्मक बैठक किया गया था, जबकि हवाई सर्वेक्षण एजेंसी द्वारा खानापुरी हेतु मानचित्र दिनांक– 12.05.2022 को उपलब्ध कराया गया।

निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना के मंतवय अपीलार्थी के कथन एवं अभिलेख के अवलोकन से स्पष्ट है कि दीक्षा सोनकर (Emp. ID No.- AEN01127), पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन का कथन एवं दाखिल साक्ष्य सत्य प्रतीत होता है।

उक्त के आलोक में निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा पारित आदेश–1621 दिनांक– 02.07.2022 को रद्द किया जाता है तथा दीक्षा सोनकर (Emp. ID No.- AEN01127), पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन को तीन माह के मानदेय राशि की कटौती कर संविदा अनुबंध तत्काल प्रभाव से बहाल किया जाता है। साथ ही दीक्षा सोनकर की बर्खास्तगी की तिथि से योगदान की तिथि के बीच की अवधि तक मानदेय का भुगतान नहीं किया जाएगा।

ह0/–
अपर मुख्य सचिव–सह–
अपीलीय प्राधिकार

D:\Sanjeev-2022\Bimlesh Mishra\Order\File no.- 12 2022 22.11.2022 Order.docx

-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

ज्ञापांकः– 03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–12 / 2022 4643 पटना, दिनांक :– 16/12/2022

प्रतिलिपिः– दीक्षा सोनकर (Emp. ID No.- AEN01127), पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन, चंडी शिविर संख्या–3, बन्दोबस्त कार्यालय, नालंदा, Email- deekshasonakar017@gmail.com, अपीलार्थी को सूचनार्थ प्रेषित।

13/12/22

(अनिल कुमार सिंह)
सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना

ज्ञापांकः– 03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–12 / 2022 4643 पटना, दिनांक :– 16/12/2022

प्रतिलिपिः– बन्दोबस्त पदाधिकारी, नालंदा / सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), नालंदा को सूचनार्थ प्रेषित।

13/12/22

सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः– 03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–12 / 2022 4643 पटना, दिनांक :– 16/12/2022

प्रतिलिपिः– निदेशक कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

13/12/22

सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः– 03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–12 / 2022 4643 पटना, दिनांक :– 16/12/2022

प्रतिलिपिः– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

13/12/22

सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\Sanjeev-2022\Bimlesh Mishra\Order\File no.- 12 2022 22.11.2022 Order.docx